दीक्षांत समारोह | आरडीवीवी का 36वां दीक्षांत समारोह आज, फाइनल रिहर्सल में नजर आया उत्साह

# राष्ट्रपति मुर्मू प्रदान करेंगी स्वर्ण पदक



**नवभारत,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36 वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों के तहत शनिवार को फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल आयोजित की गई। रिहर्सल के दौरान दीक्षांत समारोह की सभी औपचारिक प्रक्रियाओं का अभ्यास किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पारंपरिक गरिमा के साथ दीक्षांत यात्रा निकाली गई। फाइनल रिहर्सल के दौरान माननीय कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि 21 जून को आयोजित दीक्षांत समारोह को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, मप्र के महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मंगुभाई पटेल, मप्र मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार सहित अन्य विशिष्ट हस्तियों के आगमन को ध्यान में रखकर कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास किया गया जिसमें सभी उपाधि धारक एवं स्वर्ण पदक धारियों ने विशेष उल्लास और उमंग के साथ भाग लिया।

दीक्षांत फाइनल रिहर्सल में कुलगुरु के साथ कुलसचिव डॉ. रविशंकर सोनवाल, विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, कार्यपरिषद सदस्य तथा विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीक्षांत यात्रा कुलगुरु कक्ष से निर्धारित मार्ग से होकर समारोह स्थल तक पहुंची। इस दौरान मंच संचालन, अतिथियों के स्वागत, उपाधि एवं पदक वितरण कार्यक्रम सहित समारोह की विभिन्न व्यवस्थाओं का क्रमबद्ध अभ्यास किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने समारोह से जुड़े प्रत्येक प्रोटोकॉल और व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश भी दिए।

### मंच से प्रदान किये जायेंगे 66 स्वर्ण पदक, 160 उपाधियां

विवि दीक्षांत आयोजन समिति संयोजक प्रो. एस.एस. संधु, प्रो. राकेश बाजपेयी ने बताया कि समारोह में राष्ट्रपति भवन से प्राप्त प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए मंच से महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा 20 स्वर्णपदक धारियों को पदक प्रदान किये जायेंगे एवं इसके पश्चात् शेष स्वर्ण पदक एवं उपाधि धारक को उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा पदक एवं उपाधियां प्रदान की जाएगी जिनकी रिहर्सल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कराई गई। दीक्षांत समारोह में 66 स्वर्ण पदक, 155 पीएचडी, 03 डी.लिट् एवं 01 डीएससी उपाधि व 01 मानद उपाधि प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।



### राष्ट्रपति का डुमना विमानतल पर हुआ स्वागत

महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का शनिवार को भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से शाम 6 बजे डुमना एयरपोर्ट आगमन हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, वेटिंग इन मिनिस्टर व उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार, राज्यसभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा बाल्मिक व विवेक तन्खा, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक सर्वश्री अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, डॉ. अभिलाष पांडे, संतोष बरकड़े एवं लखन घनघोरिया तथा सेना के वरिष्ठ अधिकारी, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने पुष्पगुच्छ देकर आत्मीय स्वागत किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का शनिवार शाम 6.10 बजे भारतीय वायुसेना के विशेष विमान द्वारा कलाईकुंडा एयरपोर्ट से जबलपुर आगमन हुआ। राष्ट्रपति जबलपुर एयरपोर्ट से शाम 6.20 बजे प्रस्थान कर शाम 6.45 बजे सर्किट हाउस क्रमांक-एक पहुंची जहां वे रात्रि विश्राम करने के बाद रविवार 21 जून की सुबह 7.05 बजे सदर स्थित गैरिसन ग्राउंड प्रस्थान करेंगी। सुबह 7.20 बजे गैरिसन ग्राउंड पहुंचेंगी। यहां सुबह 7.30 बजे से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। सुबह 11.30 बजे सर्किट हाउस से प्रस्थान कर सुबह 11.40 बजे रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय पहुंचेंगी। यहां सुबह 11.50 बजे से दोपहर 12.50 बजे तक विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

## सुनवाई का अवसर दिये बिना जारी कर दिये ध्वस्तीकरण के आदेश

**जबलपुर।** बिना शो-कॉज नोटिस जारी किये अतिक्रमणकारी बताकर मकान ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि सुनवाई का अवसर दिये बिना कार्यवाही करना प्राकृतिक न्याय सिद्धांत के विपरीत है। हाई कोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा की युगल पीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पर रोक लगा दी है। याचिकर्ता शंभू प्रसाद राजक एवं अन्य आठ की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि पिछले लगभग 40-50 वर्षों से जबलपुर की तहसील शाहपुरा के खसरा नंबर 50, 51 एवं 52, शाहपुरा-बेलखेड़ा रोड पर शांतिपूर्वक कब्जे में हैं। उनके पास वैध स्वमित्व के दस्तावेज भी है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बिना किसी पूर्व शो-कॉज जारी किये और सुनवाई अवसर दिये बिना ध्वस्तीकरण के नोटिस जारी कर दिया है। नोटिस में तीन दिन का समय प्रदान किया गया है। याचिका में कहा गया था कि भूमि का 1959-60 में कोई वैध अधिग्रहण नहीं हुआ। जमीन का मुआवजा भी प्रदान नहीं किया गया है। सुनवाई का अवसर दिये बिना ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी किया जाना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 187 तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित ध्वस्तीकरण संबंधी दिशा-निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है।

## दफ्तरों के गलियारे

### जब कलचुरी होटल ने दिया आरडीवीवी को झटका...



साहब... पहले पुराने बिल की बकाया राशि क्लीयर करिए उसके बाद ही नए कमरों की बुकिंग की जाएगी। सिविल लाइन स्थित कलचुरी होटल के द्वारा आरडीवीवी प्रशासन को भेजे गए पत्र के इस जवाब ने विवि के गलियारों में हड़कंप मचा दिया। जानकारी के अनुसार आरडीवीवी में 36वें दीक्षांत समारोह में आने वाले अतिथियों के लिए कलचुरी होटल में 5 कमरे बुक करने के लिए विवि प्रशासन ने मप्र पर्यटन निगम द्वारा संचालित कलचुरी होटल रेसीडेंसी को पत्र भेजा था जिसके जवाब में होटल प्रबंधन ने कमरा बुक करने से स्पष्ट मना कर दिया था। इसके बाद शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। बताया जा रहा है कि वर्ष 2023 से 2026 के बीच विभिन्न सरकारी आयोजनों के दौरान बुक कराए गए कमरों का 2 लाख से ज्यादा का बिल होटल को नहीं दिया गया है। ऐसे में सवाल खड़े हुए कि आरडीवीवी प्रशासन के वित्तीय विभाग के जिम्मेदारों ने 3 साल तक क्यो लापरवाही की? इसके साथ ही आरडीवीवी की प्रतिष्ठा पर भी इस वजह से प्रश्न चिह्न लगा ।

### सस्पेंशन का करंट, नई-नवेली कुर्सी पर मंडराया खतरा



टीआई साहब ठंडे एसी रूम में हाथ में बनारसी पान दबाए, राजा भोज की तरह मखमली घूमने वाली कुर्सी पर ठाठ से बैठे थे तभी दरवाजे का पर्दा हटा और एंट्री पुराने, खासमखास चेले की हुई जिसके हाथ में शुद्ध देसी घी की मिठाई का डब्बा था और चेहरे पर करोड़पति बनने वाली चमक। चेले ने मन ही मन पूरा गणित लगा लिया था! गुरु जी वीआईपी थाने में आ गए हैं अब धंधा तेजी से चलेगा नोटों की ऐसी धन वर्षा होगी कि तिजोरी छोटी पड़ जाएगी। चेले ने डब्बा टेबल पर सलीके से रखा, साहब के पैर छुए और बधाई दी, दबी आवाज में बोला, हुक्म करिए... पुराना वाला काम-धंधा और कलेक्शन कब से चालू करना है लेकिन चेला यह भूल गया था कि दूध का जला छाछ भी फूंक-फूंक कर पीता है। कलेक्शन का नाम सुनते ही टीआई साहब को सस्पेंशन का पुराना करंट याद आ गया। उन्होंने पलक झपकते ही भांप लिया कि उनकी नई-नवेली कुर्सी पर खतरा मंडराने लगा है उन्होंने मुंह में दबे पान को गाल में सेट किया और कुर्सी से थोड़ा आगे झुके, टेबल पर हाथ मारकर चेले को ऐसी कड़क नजरों से घूरा कि चेले की सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई वे मिठाई का डब्बा छोड़कर चलता बना। उधर टीआई साहब ने राहत की सांस ली और वापस पान चबाते हुए अपनी कुर्सी पर सेट हो गए।

विवेक दुबे, अजहर खान

## परीक्षार्थियों की सहायता के लिए मौजूद रहेगी आरपीएफ

**जबलपुर, नवभारत।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट की आज 21 जून को आयोजित होने वाले परीक्षा को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले 22 हज़ार से अधिक अभ्यर्थियों के लिए रेलवे ने ट्रेनों को समय पर संचालन स्टेशन पर स्वच्छता, गुणवत्ता पूर्ण खान-पान सामग्री की उपलब्धता के साथ ही उन्हें समय पर परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंडल के जबलपुर, रीवा, कटनी, सतना, दमोह एवं सागर सहित मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर विशेष हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि इन हेल्प डेस्कों पर परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचने के मार्गदर्शन, स्थानीय परिवहन सुविधाओं, स्टेशन परिसर संबंधी आवश्यक जानकारियों तथा ट्रेनों के आवागमन सहित अन्य उपयोगी सूचनाओं के संबंध में सहायता प्रदान की जा रही है। इसके लिए टिकट चेकिंग स्टाफ एवं अन्य स्टाफ के साथ ही अधिकारियों की भी विशेष ड्यूटी तीन शिफ्टों में लगाई गई है।

## विधायक के घर के पास स्थित बेकरी दुकान में भड़की आग

**खटीक मोहल्ला में अग्नि हादसा**

**फायर ब्रिगेड की सक्रियता से टला बड़ा हादसा**



**नवभारत,जबलपुर।** कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया के घर से कुछ ही दूरी पर स्थित जैन बेकरी में शनिवार सुबह अचानक आग भड़क उठी जिससे क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। आग की लपटें देख लोगों ने तत्काल फायर अमले को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे फायर अमले ने मोर्चा संभाला और आग पर काबू पाया। इस अग्नि हादसे में सोफे, गद्दे, किचिन की गृहस्थी का सामान और बेकरी में रखा पूरा माल जलकर खाक हो गया था। बताया जा रहा है कि दुकान में लगी आग मकान के ऊपरी हिस्से तक जा पहुंची थी जिस दौरान घर में सो रहे सदस्यों ने भागकर अपनी जान बचाई। स्थानीय लोगों का कहना था कि फायर ब्रिगेड के अमले द्वारा सक्रियता नहीं दिखाई गई होती तो क्षेत्र में एक बड़ी अग्नि दुर्घटना घटित हो सकती थी क्योंकि यहां कई मकान व दुकानें मौजूद थीं।

फायर अमले ने नवभारत को जानकारी दी कि उन्हें शनिवार सुबह आठ बजकर 10 मिनिट पर सूचना मिली कि विधायक लखन घनघोरिया के कार्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित जैन- बेकरी में आग भड़क गई है। जिसके बाद मौके पर तुरंत फायर ब्रिगेड के 2 छोटे वाहन और 1 पानी का टैंकर भिजवाया गया और आग पर काबू पाया गया। खटीक मोहल्ला में गली छोटी थी इसलिए वहां फायर ब्रिगेड का बड़ा वाहव जाना संभव नहीं था इसलिए छोटे वाहनों के जरिए आग पर काबू पाया गया।

### शॉर्ट सर्किट से भड़की आग

प्रत्यक्षदर्शी रिशभ ने नवभारत को बताया कि पुनीत जैन की खटीक मोहल्ला फूटाताल रोड स्थित जैन बेकरी की दुकान थी जिसमें शनिवार सुबह करीब आठ बजे शॉर्ट सर्किट की वजह से आग भड़क उठी। जिस दुकान में आग लगी उसके ऊपरी मंजिल में जैन परिवार रहता था और नीचे दुकान थी। आग इतनी भीषण थी कि मकान के ऊपरी हिस्से तक जा पहुंची थी। वहीं फायर ब्रिगेड के अमले ने मौके पर पहुंचकर करीब एक घंटे कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया जिससे घर की गृहस्थी का अन्य सामान जलने से बच गया। हादसे में किसी को चोट नहीं आई है।

## कछपुरा मालगोदाम के पास की हवा थी जहरीली

**पीड़ितों को 100 करोड़ का पर्यावरण मुआवजा देने की उठी मांग**

**चेयरमेन रेल्वे बोर्ड और मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भेजा गया नोटिस**



**नवभारत,जबलपुर।** कछपुरा मालगोदाम से सीमेंट और खाद की लगातार हो रही लोडिंग/अनलोडिंग पर अब रेल्वे द्वारा पाबंदी लगाने से प्रमाणित हुआ है कि यह लोडिंग/ अनलोडिंग अवैध थी, क्योंकि कछपुरा मालगोदाम में केवल खाद्यान्न की ही अनुमति रेल्वे को कंसेंट आर्डर के माध्यम से दी गई थी। इस अवैध लोडिंग/ अनलोडिंग से आजू-बाजू के कॉलोनीवासियों पर वायु तथा ध्वनि एवं केमीकल सामग्री के भारी प्रदूषण का दुष्परिणाम हुआ है। इसलिए पीड़ितों को 100 करोड़ का पर्यावरण मुआवजा रेल्वे प्रदान करें।यह नोटिस शनिवार को डॉ. पी.जी. नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने चेयरमेन रेल्वे बोर्ड नई दिल्ली तथा म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भेजा है। नोटिस में बताया है कि म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 5 अप्रेल 2023 को कछपुरा मालगोदाम में केवल खाद्यान्न के लोडिंग/अनलोडिंग के लिए कंसेंट आदेश जारी किया था, इसके बावजूद भी वहां पर सीमेंट, खाद तथा आयरन ओर की लोडिंग/अनलोडिंग हो रही थी। इसकी शिकायत नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में दो याचिकायें ओ.ए. 39/2025 तथा 8/2026 दायर कर ऐसे अवैध लोडिंग/अनलोडिंग पर रोक लगाने की प्रार्थना की है। वहीं एडवोकेट प्रभात यादव ने बताया कि कंसेंट आर्डर जारी करने के बाद पिछले 3 वर्षों से फैले प्रदूषण से संजीवनी नगर, कंचन नगर, पुष्प नगर, गुरुकुंज कॉलोनी, गणेश नगर, श्रीनगर, भूलन बस्ती आदि कॉलोनीवासी पीड़ित हुए हैं। पीड़ितों को 100 करोड़ का पर्यावरण क्षतिपूर्ति मुआवजा मिलना चाहिए।

## होम साइंस कॉलेज बना प्रदेश के लिए प्रेरणादायी मॉडल

**15 दिन में 63 विषयों के परीक्षा परिणाम किए घोषित**

**महाविद्यालय अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा**



**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर में आज शैक्षणिक उत्कृष्टता, समयबद्ध कार्यसंस्कृति और छात्रा-केंद्रित शिक्षा व्यवस्था का एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया गया। मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार के मुख्य आतिथ्य में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के 63 परीक्षा परिणामों का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर-मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पांडे एवं विशेष कर्तव्य अधिकारी डॉ. सुनील सिंह, भोपाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि परीक्षाओं के सम्पन्न होने के मात्र 15 दिवस के भीतर 63 विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित करना एक असाधारण उपलब्धि है। यह महाविद्यालय की प्रतिबद्धता, प्रशासनिक दक्षता और उत्कृष्ट कार्यसंस्कृति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान मध्यप्रदेश के अन्य महाविद्यालयों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा तथा नई शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों को मूर्त रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### इन परीक्षाओं के परिणाम हुए घोषित

शनिवार को घोषित किए गए परीक्षा परिणामों में बी.एससी. तृतीय वर्ष के 37 विषय-संयोजन, एम.एससी. दो वर्षीय पाठ्यक्रम (द्वितीय सेमेस्टर) के 7, बी.एससी. चतुर्थ वर्ष के 08, एम.एससी. एक वर्षीय पाठ्यक्रम के 6 तथा एम.एससी. प्रथम वर्ष एटीकेटी प्रथम सेमेस्टर के 5 विषय सम्मिलित रहे। इन परीक्षा परिणामों का समयबद्ध प्रकाशन प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में परीक्षा नियंत्रक एवं समस्त संकाय सदस्यों के सामूहिक प्रयासों से संभव हो सका।



## तेज हवा से शेड गिरा, 3 कर्मचारी घायल

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के दौरान हादसा**

**जबलपुर।** सदर स्थित गैरिसन ग्राउंड में रविवार को होने जा रहे 12वें राज्य स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियों के दौरान शनिवार को हादसा हो गया। दरअसल मुख्य स्टेज पर पोस्टर लगाने और पाइप से शेड कसने के काम के दौरान अचानक चली तेज आंधी के कारण भारी-भरकम बोर्ड और शेड नीचे गिर गया। इस हादसे की चपेट में आने से वहां काम कर रहे तीन लोग घायल हो गए। इनमें से दो कर्मचारियों को चोटें आईं, जिन्हें तुरंत एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल ले जाया गया। हालांकि प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों को डिस्चार्ज कर दिया है। हादसे के तुरंत बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और युद्ध स्तर पर दोबारा काम शुरू कराया।

जानकारी के अनुसार सदर स्थित गैरिसन ग्राउंड में रविवार को होने जा रहे 12वें राज्य स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार सुबह 6 बजे से होने वाले मुख्य आयोजन को लेकर नागरिकों, जनप्रतिनिधियों में अभूतपूर्व उत्साह है। इस वर्ष यह कार्यक्रम स्वस्थ आयु के लिए योग की थीम पर आयोजित किया जा रहा है। सामूहिक योग के में करीब 5 हजार लोग एक साथ योग करेंगे। इसमें शहर के 31 अलग-अलग स्कूलों के लगभग 3,400 छात्र-छात्राएं शामिल होकर अपनी सहभागिता दर्ज कराएंगे। इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू शिरकत कर रही हैं। गरिमामयी मंच पर उनके महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल, सीएम मोहन यादव समेत उप सीएम जगदीश देवड़ा समेत कई मंत्री शामिल होंगे। इसके अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाज के प्रबुद्धजन और भारी संख्या में आम नागरिक गैरिसन ग्राउंड में उपस्थित रहेंगे। शनिवार को तैयारियों को अंतिम रूप देने और सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने में जुटे रहे। तैयारियां अंतिम चरण में चल रही थी। मुख्य स्टेट व पोस्टर लगाने का काम चल रहा था। स्टेज को अंतिम रूप देने भव्यता से काम चल रहा था। कर्मचारी पाइपों से शेड कस रहे थे तभी अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। बादलों ने डेरा डाला और तेज हवाएं चलने लगी। पाइप से शेड कसने के काम के दौरान अचानक चली तेज आंधी के कारण बोर्ड, शेड गिर गया जिसकी चपेट में तीन कर्मचारी गए जिनमें से दो कर्मचारी बुरी तरह घायल हुए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। हालांकि प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है।

## ऑनलाइन गेमिंग कारोबार में 300 करोड़ की कर चोरी का खुलासा

**सीजीएसटी, जबलपुर की कार्रवाई, 1 करोड़ से अधिक की रकम वसूली**

**नवभारत, जबलपुर।** सीजीएसटी आयुक्तालय, जबलपुर की एंटी एवेजन टीम ने सतना में गैजकि प्राइवेट लिमिटेड, उससे संबद्ध संस्थाओं के ऑनलाइन गेमिंग कारोबार के ठिकानों पर छापेमारी कर दी। प्रारंभिक जांच में भारी हेराफेरी के साथ गड़बड़झाला सामने आया। सीजीएसटी टीम को जांच में आए तथ्यों से संकेत मिले हैं कि ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से बड़े पैमाने पर वित्तीय लेन-देन किए गए, लगभग 300 करोड़ की संभावित जीएसटी कर चोरी का पता चला है। अब तक 1 करोड़ से अधिक की राशि की वसूली भी की जा चुकी है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी), जबलपुर, के मार्गदर्शन में सीजीएसटी आयुक्तालय, जबलपुर की एंटी एवेजन टीम द्वारा सतना स्थित मेसर्स गैजकि प्राइवेट लिमिटेड तथा उससे संबद्ध संस्थाओं के ऑनलाइन गेमिंग कारोबार की जांच में लगभग 300 करोड़ की संभावित जीएसटी कर चोरी का पता चला है। सीजीएसटी, जबलपुर द्वारा जीएसटी अधिनियम की धारा 67 के अंतर्गत की गई कार्रवाई के दौरान अब तक 1 करोड़ की राशि की वसूली की जा चुकी है। प्रकरण की जांच जारी है।

### तकनीकी के साथ अभिलेखों की जांच में मिला गबड़झाला

जानकारी के अनुसार सूचनाओं, तकनीकी विश्लेषण एवं उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर की गई जांच में गबड़झाला मिला। अब की जांच में पाया गया किगैजकि प्राइवेट लिमिटेड ऑनलाइन गेमिंग गतिविधियों में संलग्न थी। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि इससे संबंधित अन्य कंपनियां, खेलब्रो प्राइवेट लिमिटेड एवं स्किलब्रो प्राइवेट लिमिटेड, एक ही पते से संचालित हो रही थीं। इन कंपनियों के निदेशक भी समान व्यक्ति पाए गए हैं, जिसके आधार पर इनके मध्य व्यावसायिक संबंधों, गतिविधियों एवं वित्तीय लेन-देन की विस्तृत जांच की जा रही है। जांच पूर्ण होने पर जीएसटी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी एवं कर की वसूली सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा आवश्यक एवं कठोर कदम उठाए जाएंगे।

## सिवनी जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष के खिलाफ जमानती वारंट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने स्वतः संज्ञान अपराधिक मामले में सिवनी जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रवि गोल्हानी के खिलाफ पांच हजार रुपये का जमानती वारंट जारी किया है। युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 28 जुलाई को निर्धारित की है। दरअसल इससे पूर्व हुई सुनवाई पर न्यायालय ने उन्हें जवाब देने व उपस्थित होने के निर्देश दिये थे। उक्त आदेश का पालन न होने पर न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## यश मेडम एट सैलून पार्लर संचालक दंपत्ति के खिलाफ नोटिस जारी

**जबलपुर।** गोरखपुर स्थित यश मेडम एटसैलून पार्लर संचालक आयुष भार्गव व उनकी पत्नी आयुषी भार्गव के खिलाफ दायर परिवाद पर अदालत ने नोटिस जारी किये है। न्यायिक दंडाधिकारी शुभांगी पालो दत्त की अदालत ने उन्हें अदालत के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिये है।

यह परिवादी पार्लर की कर्मचारी चांदनी कश्यप की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता सचिन अग्रवाल, चेतना गुप्ता, शीर्ष अग्रवाल, राजेन्द्र नामदेव, विनय उपाध्याय व रविन्द्र नाथ बाबा ने पक्ष रखा। जिन्होने बताया फरियादिया गोरखपुर स्थित यश मेडम एटसैलून पार्लर में काम करती थी। जिसका अपने पति से तलाक चल रहा है। आरोप है कि जिसकी जानकारी होने पर पार्लर संचालक दंपत्ति से अनैतिक कार्य करने के लिये दवाब बनाने लगे। उसके मना करने पर नौकरी से निकाल दिया और उसका बकाया पच्चीस हजार रुपये का वेतन भुगतान भी नहीं किया, इतना ही नहीं उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी देने लगे। जिसकी शिकायत पीड़िता ने गोरखपुर महिला थाने व पुलिस अधीक्षक से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिस पर अदालत की शरण ली गई। मामले में लगे आरोपों को गंभीरता से लेते हुए अदालत ने अनावेदकों को नोटिस जारी किये है।

Mr. Solar महाकौशल का सबसे भरोसेमंद
कोई झूठा वादा नहीं, सिर्फ सच
सोलर पार्टनर
• कम बिजली बनने पर क्षतिपूर्ति हम करेंगे • विक्रय पश्चात सर्वोत्तम वाशिंग एवं मेंटेनेंस सर्विस
• सबसे तेज सब्सिडी प्रोसेसिंग • सर्टिफाइड प्रोडक्ट
Office : Pls call us on 6267100743, 9644555001
Mr. Solar & Co- 402, 4th Floor, Kaushalya Vihar Apartment, Near Bhanwartal Garden, Napier Town, Jabalpur

THE BEST CREATIVE LEARNING SCHOOL OF JABALPUR
GOLDEN STAR
A MONTESSORY SCHOOL
For Details Call 9981997833 9981997834
Play Nursery | Nursery KG I - KG II | 1st to VIIIth
CBSE PATTERN OF STUDY | AFFILIATED TO MP BOARD
Mrs. Anamika Singhai, Founder
81, Ashok Nagar, In front of Jain Mandir, Adhartal, Jabalpur (M.P.) | Ph. No.: 0761-4115332 | E-mail : goldenstar81@gmail.com

भवन निर्माण
भवन निर्माण 1500/- वर्गफुट कंस्ट्रक्शन
मॉड्यूलर किचन, लेटबाथ, स्टील रेलिंग, बिजली, पानी, मटेरियल सहित कम्पलीट वर्क
संपर्क- कमलेश पटेल, मोबाइल 6260334877

होली लाईट चिन्ड्रन्स ऐकेडमी हॉयर सेकेण्डरी स्कूल
प्रवेश प्रारम्भ
Holy Light Children's Academy Higher Secondary School
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त (नर्सरी से बारहवीं तक) हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम
नोट- गरीबी रेखा कार्ड धारकों को फीस में विशेष सुविधा
अभिभावकों को मोबाईल एप द्वारा विद्यालय की समस्त जानकारी लाईव
अनुभवी शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा अध्यापन, स्वस्थ शिक्षा वातावरण
खेलकूद के लिये मैदान व शाला भवन की स्थाई ईमारत
विशिष्ट शिक्षण विधियों द्वारा अध्यापन, नैतिक/पारम्परिक संस्कारों से सुसज्जित शिक्षा
पेंटिंग, ड्राइंग, योग कक्षा, जूडों का विशेष प्रशिक्षण, कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था
पिकनिक, आनंद मेला, वार्षिकोत्सव व क्राफ्ट प्रदर्शनी का प्रत्येक वर्ष आयोजन
फेल विद्यार्थी निराश न हो दसवीं, बारहवीं गारण्टी से पास
सभी BA,B.Com., B.Sc.,LLB, B.Ed, M.Ed. हेतु संपर्क करें
Jai Prakash Nagar, Adhartal, Jabalpur (MP) 482004 Mob: 9301646302, 9407059444